09/05/2024

आकाशवाणी ईटानगर

प्रसारण समय - संध्या - 07:45 बजे

गत बुधवार को नाहरलागुन स्थित तोमो रीबा इंस्टीट्यूट ऑफ हेल्थ एंड मेडिकल साइंसेज-TRIHMS का दौरा करते हुए, राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल रिटायर्ड के.टी. परनायक ने TRIHMS के निदेशक को बीमारियों और जीवनशैली के कारणों की समय-समय पर रिपोर्ट प्रदान करने की सलाह दी, ताकि राज्य के स्वास्थ्य सूचकांक में सुधार के कारणों का पता लगाया जा सके। स्वास्थ्य डेटा के स्वचालन का आह्वान करते हुए उन्होंने कहा कि, इससे राज्य सरकार को नीतियों और कार्यक्रमों को प्रभावी ढंग से तैयार करने और प्रमुख क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित करने में मदद मिलेगी। राज्यपाल ने TRIHMS में विभिन्न पदों पर स्थानीय डॉक्टरों की बड़ी संख्या पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए इस बात पर जोर दिया कि TRIHMS को अधिक नर्सिंग अधिकारियों को प्रशिक्षित करने और डॉक्टरों के लिए कोटा बढ़ाने का प्रयास करना चाहिए। अपने दौरे के दौरान राज्यपाल ने डॉक्टरों और नर्सिंग अधिकारियों से बातचीत की। साथ ही मरीजों को प्रदान की जाने वाली सुविधाओं की प्रभावशीलता के बारे में प्रत्यक्ष जानकारी प्राप्त करने के लिए मरीजों और उनके अभिभावकों से भी बातचीत की।

**0000000000000**

मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने गुरुवार को तिब्बती आध्यात्मिक गुरु, परम पावन दलाई लामा को पी.वी. नरसिम्हा राव मेमोरियल पुरस्कार से सम्मानित होने पर बधाई दी।

श्री खांडू ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा- शांति, करुणा और समझ को बढ़ावा देने की दिशा में दलाई लामा के अथक प्रयास हम सभी को प्रेरित करते हैं। उनका ज्ञान आज भी मानवता का मार्ग प्रशस्त करता है। दलाई लामा को यह पुरस्कार बुधवार को उनके धर्मशाला स्थित आवास पर प्रदान किया गया।

**0000000000000**

राजीव गांधी विश्वविद्यालय के शारीरिक शिक्षा एवं खेल विज्ञान विभाग द्वारा गत बुधवार को 'नदी विज्ञान: एक संपूर्ण उपचार तकनीक' विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का आयोजन समग्र स्वास्थ्य प्राप्त करने के लिए नदी विज्ञान और इसके शरीर विज्ञान की तकनीकों को समझने और प्रतिभागियों को शरीर की प्रकृति - वात (वायु), पित्त (अग्नि) और कफ (पानी) के बारे में शिक्षित करने के उद्देश्य से किया गया था। इस अवसर पर बोलते हुए, रिसोर्स पर्सन एचओडी योग विज्ञान, संस्कृत विश्वविद्यालय, हरिद्वार उत्तराखंड के डॉ. लक्ष्मी नारायण जोशी, ने नदी विज्ञान और शरीर विज्ञान का वर्णन करते हुए मानव शरीर की बीमारी और कल्याण के साथ मन के संबंधों को भी समझाया। डॉ. जोशी ने शरीर के सही संरेखण की पहचान करने की प्रक्रिया का प्रदर्शन किया और शरीर मे होने वाली दर्द में सुधार के लिए मर्म थेरेपी का उपयोग भी किया।

**0000000000000**

ईटानगर राजधानी उपायुक्त श्वेता नागरकोटि मेहता ने गत बुधवार को राजधानी क्षेत्र के भीतर खनन प्रभावित क्षेत्रों में अवैध खनन गतिविधियों की जांच करने और जोखिमों को कम करने के लिए सभी हितधारकों के साथ बैठक की।

जिला उपायुक्त ने इस बात पर अफसोस जताया कि कई आदेशों के बावजूद, शहर में अवैध खनन गतिविधियां बड़े पैमाने पर पाई गई हैं। उन्होंने कहा कि, मानसून को देखते हुए, खनन प्रभावित क्षेत्रों के जोखिमों को कम करने के लिए एहतियाती कदम उठाना और भी महत्वपूर्ण है। उपायुक्त ने इस मुद्दे की जांच करने और अधिसूचित खदानों के लिए अनुमति प्रक्रिया को सुव्यवस्थित करने के बारे में सभी संबंधित अधिकारियों से तकनीकी विशेषज्ञता मांगी। साथ ही सभी संबंधित पक्षों से ऐसी अवैध गतिविधियों पर रोक लगाने के लिए सहयोगात्मक प्रयास करने का आग्रह भी किया।

**0000000000000**

नामसाई जिला उपायुक्त सीआर खाम्पा ने स्माइल परियोजना कार्यान्वयन एजेंसी के सचिव को भिक्षावृत्ति में लिप्त व्यक्तियों के पुनर्वास के लिए एक रोडमैप तैयार करने और उन्हें आगे एक सम्मानजनक जीवन जीने में मदद करने की सलाह दी है। मंगलवार को प्रोजेक्ट स्माइल (Support for Marginalized Individuals for Livelihood and Enterprises) की एक समन्वय बैठक की अध्यक्षता करते हुए, जिला उपायुक्त ने (एनजीओ) धामा फाउंडेशन के सचिव को अन्य उपयुक्त पुनर्वास केंद्रों के साथ समन्वय करने और भिक्षावृत्ति में लिप्त व्यक्तियों को उनकी उम्र, क्षमता और पात्रता के लिहाज से कौशल प्रशिक्षण प्रदान करने का सुझाव दिया। उन्होंने सभी संबंधितों से यह सुनिश्चित करने का भी अनुरोध किया कि जिले में भिक्षावृत्ति में लिप्त कोई भी व्यक्ति योजना के तहत लाभान्वित हुए बिना न छूटे।

000000000000

जिला तंबाकू नियंत्रण सेल (डीटीसीसी), ईटानगर राजधानी क्षेत्र के Flying Squad ने बुधवार को नेरिस्ट के 100 मीटर के दायरे में स्थित और निरजूली के अन्य शैक्षणिक संस्थानों के आस पास के विभिन्न दुकानों से भारी मात्रा में सिगरेट और अन्य तंबाकू उत्पाद और अवैध रूप से संग्रहीत शराब जब्त की। सिगरेट और अन्य तंबाकू उत्पाद अधिनियम (COTPA) की धारा 6 (ए) और (बी) का उल्लंघन करते पाए गए सभी दुकान मालिकों का 200 रुपये का चालान किया गया। उन्हें शैक्षणिक संस्थानों के पास किसी भी प्रकार के तंबाकू उत्पादों की बिक्री से परहेज करने की चेतावनी दी गई और COTPA के तहत कानूनों का पालन करने के लिए कहा गया और जब्त की गई सभी वस्तुओं को निरजूली के डिक्रोंग नदी के किनारे नष्ट कर दिया गया।

**0000000000000**

हाल ही में महाबोधि भगवान बुद्ध कॉलेज, नामसाई के सामुदायिक रेडियो सेंटर में टीबी और एचआईवी पर एक रेडियो कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें दो विशेषज्ञ- जिला टीबी अधिकारी सह जिला एड्स नियंत्रण अधिकारी नामसाई डॉ. पादी ताला और चिकित्सा अधिकारी, ओएसटी सह एफआईएआरटी डॉ. स्वेता नामचूम शामिल थे। इस कार्यक्रम में डॉ. ताला ने टीबी, टीबी के प्रकार और इसके लक्षण, उपचार और टीबी-एचआईवी co-morbidity के बारे में विस्तार से बात की। उन्होंने श्रोताओं से टीबी और एचआईवी/एड्स की जानकारी दूसरों के साथ साझा करने का आग्रह किया ताकि अधिक से अधिक लोग इन बीमारियों के बारे में जागरूक हो सकें।

**0000000000000**

भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद-आई.सी.एम.आर ने 2024 के लिए आधुनिक खान-पान की आदतों के अनुरूप भारतीयों के लिए उन्नत आहार के लिए दिशा निर्देश जारी किए हैं। हैदराबाद स्थित राष्ट्रीय पोषण संस्थान-एन.आई.एन के शोधकर्ताओं द्‍वारा तैयार किए गए इस दिशा निर्देश में विशेष रूप से लोगों को शारीरिक रूप से सक्रिय रहने की सलाह दी गई है। इसमे नियमित रूप से व्यायाम, नमक का सीमित सेवन, उच्च वसा, चीनी, अति-प्रसंस्कृत खाद्‍य पदार्थों को कम करने और मोटापे, अधिक वजन को रोकने के लिए कदम उठाने की सलाह दी है।

**0000000000000**